आकाशवाणी

**क्षेत्रीय समाचार**

**देहरादून (उत्तराखण्ड)**

**रविवार 12.01.2025**

**समय 1305**

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में ''अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखण्डी सम्मेलन'' का शुभारम्भ किया। कहा– ये सम्मेलन परस्पर सांस्कृतिक और भावनात्मक जुड़ाव का विशिष्ट महोत्सव है।
- केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडवीय ने राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर देश के युवाओं से कहा उठे, जागे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के ध्येय स्वप्न को साकार करें।
- प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले इलाकों में कहीं–कहीं रुक–रुक कर बारिश हो रही है।
- और, प्रदेश में पिछले 24 घंटे के दौरान दो अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में 1 पर्यटक की मृत्यु, 6 अन्य घायल।

## अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखण्डी सम्मेलन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में ''अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखण्डी सम्मेलन'' का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सम्मेलन से जो विचार और संदेश निकलेगा वो देश–विदेश में रहने वाले प्रवासी भाई–बहनों तक पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि ये सम्मेलन परस्पर सांस्कृतिक और भावनात्मक जुड़ाव का विशिष्ट महोत्सव है। उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम ऐसा समागम है जिसमें प्रवासी भाई–बहन सरकार के साथ संवाद कर सकते हैं साथ ही यह कार्यक्रम विदेशों में रहने वाले प्रवासी भाइयों से मिलने का एक अवसर भी है। प्रवासियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार राज्य से पलायन रोकने के लिए काम कर रही है। आज बड़ी संख्या में लोग अपने गांव लौट रहे हैं और स्वरोजगार को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी का परिणाम है कि आज उत्तराखंड हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। इसे पूरा करने में उत्तराखंड भी अहम भूमिका निभा रहा है।

## राष्ट्रीय युवा दिवस

स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में आज देशभर में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जा रहा है। मुख्य समारोह नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर आयोजित ''भारत युवा नेता संवाद 2025'' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने विभिन्न स्टॉल्स का निरीक्षण भी किया।

केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडवीय ने राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर देश के युवाओं से कहा उठे, जागे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के ध्येय स्वप्न को साकार करें।

राष्ट्रीय युवा दिवस प्रदेश में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर निर्वाचन आयोग ने देहरादून में 10 किलोमीटर दौड़ का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। इस दौड़ का उद्देश्य युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करना है। साथ ही राज्य में अलग–अलग स्थानों पर युवाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## निकाय चुनाव

निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों का प्रचार तेज हो गया है। भाजपा के स्टार प्रचारकों में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बीते शनिवार को चमोली के कर्णप्रयाग में आयोजित जनसभा को सम्बोधित कर नगर निकाय चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों को प्रचंड मतों से विजयी बनाने की अपील की। इससे पूर्व श्री धामी ने कर्णप्रयाग में पदयात्रा कर आमजन से भारतीय जनता पार्टी के समर्थन में मतदान की अपील की। उधर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने देहरादून के विभिन्न वार्डों में कांग्रेस के सभासदों और मेयर के प्रत्याशी के लिए प्रचार किया। उत्तराखंड क्रांति दल समेत निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनावी मैदान में पूरे जोर–शोर से चुनाव प्रचार में जुटे हैं।

मौसम

उत्तराखंड के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले इलाकों में  कहीं–कहीं बारिश हो रही है, जबकि राज्य के अन्य हिस्सों में बादल छाए हुए हैं। बदरीनाथ, हेमकुंड साहिब और फूलों की घाटी सहित प्रदेश के ऊंचाई वाले हिस्सों में बर्फबारी हुई है। वहीं, मैदानी हिस्सों में भी कल रात विभिन्न स्थानों पर बारिश हुई। कुछ स्थानों पर आंधी के साथ ओलावृष्टि की भी खबर है। बारिश और बर्फबारी से तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग के अनुसार कल से राज्य में मौसम साफ रहने की उम्मीद है।

दुर्घटना

प्रदेश में पिछले 24 घंटे के दौरान दो अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में 1 पर्यटक की मृत्यु हो गयी, जबकि 6 अन्य घायल हो गए हैं। नैनीताल जिले के ज्योलीकोट क्षेत्र में देर रात एक वाहन के गहरी खाई में गिरने से एक की मृत्यु हो गई और तीन घायल हो गए। वाहन में कुल चार व्यक्ति सवार थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहन में सवार लोग बरेली से नैनीताल घूमने आ रहे थे। सूचना मिलने पर प्रशासन व एसडीआरएफ ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। उधर, टिहरी जिले के गूलर के पास देर रात एक वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन पर्यटक गंभीर रूप से घायल हो गए। वाहन में नोएडा यूपी के रहने वाले तीन पर्यटक सवार थे।

## कार्बेट टाइगर रिजर्व

नैनीताल जिले में कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढेला क्षेत्र में मानव–वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम के लिए प्रशासन स्तर पर विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए प्रशासन ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर आवश्यक सुझाव लिए। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढेला क्षेत्र से सटे ग्रामीणों ने जंगल से सटे गांवों में

बाड़ लगाने के साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शामिल कर ग्राम पंचायत स्तर पर मानव–वन्यजीव संघर्ष न्यूनीकरण समिति बनाने का सुझाव दिया है। ग्रामीणों ने मानव–वन्यजीव संघर्ष में मृतकों को दी जाने वाली मुआवजा राशि को बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने का भी सुझाव दिया है। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व रामनगर ने पर्यावरण विकास समिति गांव ढेला में सार्वजनिक स्थानों पर 25 सोलर लाइट लगाने का कार्य शुरू कर दिया है। इसके साथ ही उत्तराखंड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण– उरेडा की ओर से ढेला गांव को 25 सोलर लाइट भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## माघ मेला

उत्तरकाशी में माघ मेले को लेकर यातायात पुलिस ने ट्रैफिक प्लान बनाया है। इसके तहत मेले में आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग स्थल चिह्नित कर दिए गए हैं। इनमें केदारघाट पार्किंग स्थल, जोशियाड़ा यूजेवीएनएल की पार्किंग और जोशियाड़ा पुरानी तहसील पार्किंग चिह्नित की गई है। यातायात पुलिस निरीक्षक राजेंद्र नाथ ने आमजन से अपील की है कि माघ मेले के दौरान अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्क करें। उन्होंने बताया कि बस अड्डे के पास नवनिर्मित पार्किंग को भी आपात स्थिति में वाहन पार्किंग के लिए उपयोग में आने का उप जिलाधिकारी से आग्रह किया गया है।

## ट्राई सर्विसेज वेटरन्स डे

देहरादून के गढ़ी कैंट में 14 जनवरी को ट्राई सर्विसेज वेटरन्स डे मनाया जाएगा। सुबह नौ बजे शौर्य स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर नौवें ट्राई सर्विसेज वेटरन्स डे की शुरुआत होगी। इसके बाद युद्ध स्मारक से जसवंत सिंह स्टेडियम तक वेटरन्स मार्च आयोजित किया जाएगा। इस दौरान मुख्य अतिथि राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के साथ भूतपूर्व सैनिकों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। रैली में विभिन्न स्टॉल और सहायता केंद्रों की स्थापना की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार –––

ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत हरिद्वार पुलिस ने एसटीएफ देहरादून की मदद से चिड़ियापुर के जंगल से दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से लाखों की स्मैक बरामद की गई है।

देहरादून नगर निगम की और से शहर में लगातार हाउस टैक्स को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए शहर में विभिन्न वार्डों में कैंप लगाकर हाउस टैक्स जमा किया जा रहा है। टैक्स अधिकारी पूनम रावत ने बताया नगर निगम ने अप्रैल 2024 से अभी तक 32 करोड़ रुपये का हाउस टैक्स वसूला गया है।